## गोलालारीय समाज विदिशा द्वारा संत निवास निर्माण के लिए भूखंड क्रय किया।

विदिशा, कन्छेदीलाल जैन। विदिशा नगरी जो कि 1008 शीतलनाथ भगवान के 4 कल्याणकों से सुशोभित है। जहां 13 दिगम्बर जैन मंदिर है, लेकिन सबसे बड़ी परेशानी यहां पर साधु संतो के निहार के लिए कोई उचित स्थान नहीं थी, इस समस्या के स्थायी निदान हेतु गोलालारीय समाज ने एक भूखंड जैन भवन के पास में ही क्रय कर लिया है। जिस पर शीघ्र ही संत निवास का निर्माण कराना जाना प्रस्तावित है।

## डिण्डौरी नगर में समाज अध्यक्ष व कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न



डिण्डोरी, राजीव जैन। विगत दिनों डिण्डोरी जैन समाज की बैठक में सर्वसम्मिति से डॉ. सुनील जैन को अध्यक्ष चुना। डॉ. सुनील मृदुभाषी एवं समाज को एक साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति है। इनके अध्यक्ष चुने जाने पर पूरे समाज में खुशी की लहर फैल गई। आप पूर्व में भी कई संस्थाओं से जुड़े रहे है। अध्यक्ष श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर प्रबंधन समिति, पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भा.ज.पा. (म.प्र.), जिलाध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी, पूर्व जिलाध्यक्ष रोट्री इंटरनेशनल क्लब।

## सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष पद पर श्री चौधरी प्रकाशचंद्र सराफ पुनः निर्वाचित



विदिशा, कन्छेदीलाल जैन। दि. 21 अप्रैल 2013 को शीतल धाम हरीपुरा विदिशा में सकल दि. जैन समाज के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता श्री सुमेरचंद जैन ने मतदान शांतिपूर्वक संपन्न कराया तत्पश्चात मतों की गणना कर परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें श्री चौधरी प्रकाशचंद्र सराफ को 441 मत प्राप्त हुए, जबकि निकटतम प्रत्याशी श्री महेन्द्र जैन को 123 मत प्राप्त हुए। श्री सराफ को 318 मतो के भारी अंतर से विजयी होने पर समाज बंधुओं, मित्रों, शुभचिंतको ने उन्हें बधाईयां दी। श्री चौधरी प्रकाशचंद्र सराफ ने अपनी जीत पर सभी समाजजनों का आभार माना।

## ।। बधाईयाँ ।।



भारतीय जैन महिला मिलन के गुना में आयोजित केन्द्रीय अधिवेशन में क्षेत्र क्रं. 12 से डॉ. आराधना जैन 'स्वतंत्र' गंजबासौदा को तिलक अक्षत, शाल, श्रीफल, अंगवस्त्र भेंट कर विशिष्ट महिला पद से सम्मानित किया गया। केन्द्रीय कार्यकारिणी तथा स्थानीय भारतीय जैन महिला मिलन, जैन मिलन गंजबासौदा के सदस्यों ने अपने नगर में उनका विशेष सम्मान किया।

अशोक नगर में आयोजित भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रं. 12 के क्षेत्रीय अधिवेशन में भारतीय जैन महिला मिलन गंजबासौदा मुख्य शाखा की मंत्री डॉ. आराधना जैन को श्रेष्ठ मंत्री पद से सम्मानित किया गया।

**27 जनवरी 2013 में इन्दौर में संपन्न स्नेह सम्मेलन मे त्रुटि के कारण छूटे नामों की सूची**

| | |
|---|---|
| श्री अंकित कुमार जैन, सुखलिया | 501 |
| श्री अरविन्द कुमार जैन, विजय नगर | 301 |

गत माह प्रकाशित सूची में त्रुटिवश आपके नाम छूट गये थे जिसके लिए हमें खेद है।

## विदिशा गोलालारीय दि. जैन समाज का चुनाव सम्पन्न

विदिशा, कन्छेदीलाल जैन। दिनांक 3 मार्च 13 को गोलालारीय जैन समाज के चुनाव निर्वाचन अधिकारी श्री खुशालचंद जैन एवं श्री लल्लू जैन एडवोकेट के निर्देशन में संपन्न हुए। जिसमें 7 सदस्यों का निर्विरोध चुनाव हुआ, तत्पश्चात 2 सदस्यों का मनोनयन किया गया। गोलालारीय समाज ट्रस्ट का निर्माण 2 वर्ष के लिए किया गया।

संरक्षक – श्री सनतकुमार जैन, संरक्षक – श्री के.के. जैन, अध्यक्ष – श्री अभय वैद्य सीए, सचिव – श्री नरेन्द्रकुमार जैन, उपाध्यक्ष – श्री संजीव चौधरी, सहसचिव – श्री अशोककुमार जैन, कोषाध्यक्ष – श्री जिनेश्वरदास जैन, संयुक्त मंत्री – श्री सुनीलकुमार जैन, सदस्य – श्री राकेशकुमार जैन

कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को समाज बंधुओं एवं शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रदान की। पदाधिकारियों ने भी अपनी ओर से यथासंभव समाज की प्रगति एवं उन्नति के लिए भरपूर कोशिश करने के लिए आश्वस्त किया। गोलालारीय दर्शन परिवार नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित करती है।



अभय वैद्य
अध्यक्ष



नरेन्द्र जैन
सचिव



सनतकुमार जैन
संरक्षक



के. के. जैन
संरक्षक



संजीव चौधरी
उपाध्यक्ष



अशोक जैन
सहसचिव



जिनेश्वर जैन
कोषाध्यक्ष



सुनील जैन
संयुक्त मंत्री



राकेश जैन
सदस्य

## पन्ना में परंपरानुसार महावीर जयंती संपन्न

पन्ना, अभिषेक जैन 'अभि'। नगर में देवाधिदेव वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें समाज के सभी लोगों ने विशेषकर बच्चों ने बहुत ही आनंदपूर्वक भगवान के जन्मोत्सव को मनाया। दो दिवस पूर्व से ही पन्ना नगर के दोनो मंदिरों एवं संपूर्ण नगर को बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह 7.30 बजे श्री पार्श्वनाथ दि. जैन बड़ा मंदिर धाम पन्ना में भगवान का 1008 कलशों से अभिषेक किया गया एवं पूजन के बाद भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बड़ा बाजार स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दि. जैन मंदिर में पहुँची। वहाँ पर भगवान का पुनः 1008 कलशों से अभिषेक किया गया एवं पूजन पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। नगर में दिनांक 10.05.13 से 15.05.13 तक होने वाले श्री 1008 नेमिनाथ जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव, कलशारोहण एवं विश्वशांति महायज्ञ के प्रमुख पात्रों का चयन किया गया। पात्रों के चयन पश्चात पुनः श्रीजी की शोभायात्रा शुरु हुई एवं नगर परिभ्रमण कर अपूर्व धर्म प्रभावना करती हुई बड़ा मंदिरजी धाम पन्ना में पहुँची। शाम को मंदिरजी में भगवान की आरती कर लोगों ने भगवान के जन्म कल्याणक की महिमा का जयगान किया।



## युवा संत मुनिश्री प्रज्ञासागरजी महाराज को 25वां रजत दीक्षा महोत्सव

अहमदाबाद, श्रेयांस जैन 'धर्मसैया'। आचार्य श्री पुष्पदंत सागरजी के परम प्रभावी शिष्य मुनि श्री प्रज्ञासागरजी महाराज का 25वां रजत दीक्षा शुभारंभोत्सव 20-21 अप्रैल ब्रह्मचारी ट्रस्ट वाडी ग्राउण्ड अदाणी, नवपुरा में अपार श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर भगवान महावीर स्वामी पथ के पाथिक, पूज्य गुरुवर मुनिश्री प्रज्ञासागर महाराज ने अपनी देशना में कहा कि सम्यक दर्शन, ज्ञान और चरित्र के मार्ग द्वारा मेरी मंजिल तो मोक्ष प्राप्ति है जिस पर वे लक्ष्य प्राप्ति तक चलता रहेंगे।

मुनिश्री ने आव्हान किया कि आप सभी इस मोक्ष पथ के अनुगामी बने साथ ही इस पथ पर चल रहे निग्रंथ मुनिजनों के संयममय जीवन की अनुमोदना करे।

रजत दीक्षा शुभारंभोत्सव समिति के मंत्री श्री श्रेयांस जैन 'धर्मसैया' ने बताया कि 25 वर्ष पूर्व 18 अप्रैल 1989 में परम पूज्य आचार्य श्री पुष्पदंतसागरजी महाराज ने राजस्थान के छोटे से गांव परतापुर में वाल्यावस्था में बालक 'विवेक' को मुनिपद प्रदान कर बालमुनि प्रज्ञासागर नामकरण किया था।




उन्हीं का 25वां रजत जयंती दीक्षा शुभारम्भोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा। कार्यक्रम 20 अप्रैल को दोपहर 1 बजे, महामृत्युंजय मंडल महाविधान सायं 6 बजे आनंद यात्रा (म्युजिकल हाऊजी) 21अप्रैल प्रातः 8.30 बजे गुरुपूजा एवं गुणानुवाद सभा दोपहर 1 बजे 25वां रजत दीक्षा शुभारंभोत्सव 25 रजत कलशों से पाद प्रक्षालन, 25 मंगल शास्त्रजी भेट, 25 थालों से महाआरती, नवीन पिच्छी भेंट, सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत पूज्य गुरुदेव का मंगल शुभार्शीवचन हुआ।

*मंजिल तो मिल ही जायेगी,*
*भटक के सही*
*गुमराह तो वो है,*
*जो घर से निकले ही नहीं।*

## ✲ विनम्र श्रद्धांजली ✲



✲ **श्री महेन्द्रकुमार जैन** का अल्प बीमारी के पश्चात 3/4/13 को निधन हो गया। आप काफी मिलनसार, धार्मिक एवं सरल स्वभावी व्यक्तित्व के धनी थे।

**श्री गोलालारीय दर्शन परिवार आपके निधन पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता है।**